केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

दैनिक
# भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 203 मंगलवार 13 फरवरी 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### उहापोह में न रहे कांग्रेस कार्यकर्ता–देवेन्द्र

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। 61 लोकसभा क्षेत्र के कोआर्डिनेटर देवेन्द्र निषाद ने कांग्रेस पार्टी दफ्तर पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोला। उन्होने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सभी का विचार जाना और कमर कसकर तैयार रहने को कहा। देवेन्द्र निषाद ने कहा शीघ्र ही नेतृत्व का फैसला आ जायेगा कि कांग्रेस स्वतंत्र चुनाव लड़ेगी या गठबंधन प्रत्याशी को समर्थन देना होगा।

उन्होने कहा 16 फरवरी को राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। विभिन्न जनपदों के कार्यकर्ता 20 फरवरी को राजधानी लखनऊ कूच करेंगे और कांग्रेस की ताकत बढ़ायेंगे। उन्होने कहा कार्यकर्ता उहापोह में न रहें, कांग्रेस नेतृत्व जो भी लेगा सभी का सम्मान, स्वाभिमान सुरक्षित रहेगा। उन्होने अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने का आग्रह किया। जिला प्रभारी दिलीप निषाद ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश में पहुंचने से पहले ही कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। यात्रा यूपी में लोकप्रियता का रिकार्ड बनायेगी।

जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ज्ञानू एवं वरिष्ठ कांग्रेसी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा आगामी चुनाव देश के लिये बेहद महत्वपूर्ण है। जनता कार्यकर्ता सभी को सजग रहना होगा। लक्ष्य बस एक होना चाहिये देश की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकना। पार्टी दफ्तर पर आयोजित बैठक को अनिरूद्ध त्रिपाठी, नर्वदेश्वर शुक्ला, अनिल भारती, विश्वनाथ चौधरी, अशोक श्रीवास्तव, अवधेश सिंह, भूमिधर गुप्ता, सुबाष गुप्ता, रामबाबू उर्फ कल्पू, अफजाल अहमद, संजीव त्रिपाठी, महेन्द्र श्रीवास्तव, लालजीत पहलवान, देवानंद पाण्डेय, सूर्यमणि पाण्डेय, अमर बहादुर तप्पे, राजबहादुर निषाद, मो. अशरफ अली, डीएन शास्त्री, शकुन्तला देवी आदि ने अपने विचार रखे।

बैठक में उपरोक्त के अलावा जगदीश शर्मा, बकतुल्लाह, गुड्डू सोनकर, शौकत अली नन्हू, लक्ष्मी यादव, मंजू पाण्डेय, दूधनाथ पटेल, पंकज रावत, डा. वाहिद, मनोज कुमार पाण्डेय, आरबी भारती, हरिश्चन्द्र शुक्ल, फिरोज खां, अमित प्रताप सिंह, डा. मारूफ अली, अतीउल्लाह सिद्धीकी, राजकुमार यादव, अलीम अख्तर, पिण्टू मिश्रा, देवेन्द्र निषाद दानुष, नोमान अहमद, अरूण पाण्डेय, गोपाल निषाद आदि की मौजूदगी रही।

### भाजपा नेताओं ने किया चाय पर चर्चा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत भाजपा पदाधिकारियों ने अमहट घाट पर स्वंय सेवी संस्थाओं और स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान सरकार द्वारा महिला हितों में सरकार द्वारा किए गए कार्यो के बारे में महिलाओं से संवाद किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं को केन्द्र में रह कर मोदी व योगी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं देकर महिलाओं को लाभान्वित किया है। महिलाओं सुरक्षा तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनानें के लिए सरकारी ने अनेक योजनाएं दी है। हमारे प्रधानमन्त्री जी की योजनाओ में केन्द्र बिंदु में महिलाये पहले है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 पार के लक्ष्य के साथ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुन सरकार बनाना है। शक्ति वंदन कार्यक्रम समाज की उन महिलाओं तक पहुंचने का अभियान जो लगातार समाजिक कार्यो से जुड़ कर महिलाओं के हित में कार्य कर रहीं है। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में महिला वोटर्स का प्रतिशत बढ़े इसके लिए हम सभी को कार्य करना है।

अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने बताया कि शक्ति वंदन कार्यक्रम में स्वंय सहायता समूह तथा एनजीओं की महिलाओं को पार्टी द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में महिला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रोली सिंह, जिला संयोजक रामचरन चौधरी, अखण्ड प्रताप सिंह, यशकांत सिंह, आशा देवी,सरोजनी, सबिता, शक्ति मिश्रा बैंक सखी, सुनीता गौड़, मायावती बैंक सखी, कुमकुम, लक्ष्मी देवी, स्नेहा चौधरी, सपना सचान, विमलेश आदि उपस्थित रहे।

# बिहार में नीतीश ने तेजस्वी के साथ खेला कर दिया: विश्वासमत हासिल



**पटना (आभा)।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। सरकार के पक्ष में 129 वोट पड़े। सदन में वोटिंग के दौरान विपक्षी सदस्यों ने वॉकआउट किया। विपक्ष के वॉकआउट कर जाने के कारण सरकार के खिलाफ एक भी वोट नहीं पड़ा। सदन में फ्लोर टेस्ट से पहले आरजेडी नेता अवध बिहारी चौधरी को अध्यक्ष पद से हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया। एनडीए द्वारा अध्यक्ष के खिलाफ पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव को 243 सदस्यीय विधानसभा में 125 विधायकों का समर्थन मिला, जबकि 112 सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। इससे पहले, अध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन विधानसभा उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने अविश्वास प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित घोषित करना चाहा, लेकिन आरजेडी के विरोध के बाद वे संख्या की गिनती करने पर सहमत हो गए।

बता दें कि बिहार में सत्ता खो चुके राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को सोमवार को उस समय झटका लगा जब उसके तीन सदस्य बिहार विधानसभा में सत्ता पक्ष के विधायकों के पास जाकर बैठ गए। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले पार्टी विधायकों चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव के सत्तारूढ़ राजग के सदस्यों के बीच बैठने पर आपत्ति जताते हुए व्यवस्था का प्रश्न उठाया। हालांकि, आसन पर मौजूद उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने व्यवस्था के प्रश्न पर कोई फैसला नहीं दिया।

## जयन्ती पर याद किये गये पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने पार्टी जिलाध्यक्ष उदयभान चौधरी के संयोजन में पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की 84 वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धाभाव से याद किया। उन्होंने कहा कि चौधरी अजित सिंह ने जीवन भर किसानों की बेहतरी के लिए संघर्ष किया। चौधरी चरण सिंह फील्ड हास्टल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्व. चौधरी अजित सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अरूणेन्द्र पटेल ने कहा कि चौधरी अजित सिंह साफ सुथरी छवि के नेता थे। उन्होंने हमेशा किसानों की बेहतरी के लिए कार्य किया। उन्होंने शुगर मिलों के बीच की दूरी 25 किलोमीटर से घटाकर 15 किलोमीटर करने का काम किया था। उन्होंने किसान हितैषी जो कार्य किए हैं और जो सुझाव दिए हैं उन पर कई पुस्तकें लिखी गई हैं। इन पुस्तकों को कई विदेशी विश्वविद्यालयों में पढ़ाया जाता है। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

रालोद के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश चौधरी और मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के अधूरे सपनों को चौधरी अजित सिंह ने आगे बढाया और अब उनके पुत्र जयन्त चौधरी किसान हितों के लिये संघर्ष कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री के रूप में चौधरी अजित सिंह ने किसान हितों के लिये अनेक कार्य किये। वे सदैव याद किये जायेंगे। जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिव कुमार गौतम, श्रीराम मौर्य, चन्द्रिका प्रसाद, इन्द्र बहादुर यादव, गोरखनाथ चौधरी, शम्भू गोपाल चौधरी, राकेश चौधरी, प्रदीप चौधरी के साथ ही रालोद के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल में हड्डी रोग विशेषज्ञ तैनात






**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल में काफी दिनों से हड्डी रोग विशेषज्ञ की मांग चल रही थी इसी को देखते हुए हॉस्पिटल के चेयरमैन बसंत चौधरी ने बताया कि अब डा0 राजकुमार आर्य हड्डी रोग विशेषज्ञ अपनी नियमित सेवाएं हॉस्पिटल को दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि लिगामेंट सर्जरी, कूल्हा प्रत्यारोपण, घुटना प्रत्यारोपण, कंधे का ऑपरेशन जैसी जटिल रोगों का इलाज अब श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल में संभव है। इन्हीं समस्याओं को लेकर मरीजों को महानगरों की तरफ जाना पड़ता था अब हड्डी से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल में प्रारंभ हो गया है।

हड्डी रोग विशेषज्ञ डा0 राजकुमार आर्य ने कहा कि पूर्वांचल में कमर दर्द, जोड़ों का दर्द के साथ ही नसों की समस्या के बड़ी संख्या में मरीज परेशान रहते हैं इन सभी समस्याओं का निदान श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल में किया जा रहा है। हॉस्पिटल के चेयरमैन बसंत चौधरी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है।

## फर्जी नियुक्ति का आरोप: उच्च स्तरीय जांच की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । बस्ती सदर विकास खण्ड क्षेत्र के बेलगड़ी निवासी दिलीप कुमार पुत्र रामचन्द्र ने उच्चाधिकारियों के साथ ही प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जिला कृषि अधिकारी बस्ती कार्यालय में प्रधान सहायक पद पर तैनात उपेन्द्र बहादुर सिंह के नियुक्ति प्रक्रिया की सघन जांच कर कार्रवाई किये जाने, नियुक्ति फर्जी पाये जाने पर उन्हें बर्खास्त कर वेतन की वसूली कराये जाने की मांग किया है।

भेजे पत्र में दिलीप कुमार ने कहा है कि जन सूचना अधिकार के माध्यम से जानकारी मिली है कि उपेन्द्र बहादुर सिंह की नियुक्ति फर्जी है। इनकी नियुक्ति उप कृषि निदेशक जौनपुर के यहां दिखाई गई है जबकि आर.टी.आई. से पता चला है कि उस वर्ष उप कृषि निदेशक जौनपुर ने कोई नियुक्ति किया ही नही। इस प्रकार से उपेन्द्र बहादुर सिंह सरकार का करोड़ो रूपया वेतन के रूप में ले चुके हैं और पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। उपेन्द्र बहादुर सिंह का कोई नियुक्ति पत्र जारी नहीं हुआ है और इनकी नियुक्ति तिथि 28–7–1986 दर्शाया गया है तथा स्थानान्तरण इसके पूर्व ही 5–7–1986 को फर्जी तरीके से कर दिया गया है। दिलीप कुमार ने समूचे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई का आग्रह किया है।

# जयंत चौधरी एनडीए में शामिल



नई दिल्ली (आभा)। राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी ने सोमवार को समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर भाजपा से गठबंधन और एनडीए में शामिल होने का ऐलान कर दिया। मीडिया से बातचीत में जयंत चौधरी ने सपा से अलग होने और भाजपा से गठबंधन के कारणों पर स्थिति साफ की। रालोद के एनडीए में शामिल होने की अटकलें पिछले एक हफ्ते से लगाई जा रही थीं। इशारों ही इशारों में अभी तक बातें हो रही थीं। जयंत ने सपा नेता रविदास मल्होत्रा के दावे और रालोद के चार विधायकों की नाराजगी की खबरों पर भी अपनी राय रखी।

चौधरी अजित सिंह की जयंती पर सोमवार को नई दिल्ली स्थित रालोद कार्यालय पर नेताओं का बड़ा जमावड़ा लगा। इसी दौरान जयंत चौधरी ने कहा कि रालोद के सारे विधायक एकजुट हैं, एनडीए के साथ जाने का फैसला लिया। जयंत चौधरी ने विधायकों के बगावत होने पर कहा कि जिन मीडिया चौनलों ने इस तरह की खबर निकाली है उसकी कितनी पुष्टि की है, मुझे नहीं पता। मैं नहीं समझता कि उन्होंने हमारे किसी विधायक से बातचीत की है। जयंत ने कहा कि विधायकों और कार्यकर्ताओं से बातचीत के बाद ही कोई फैसला लिया गया है। यह भी कहा कि इस फैसले के पीछे ऐसा नहीं है कि कोई बड़ी प्लानिंग रही हो। हमें बहुत कम समय में यह फैसला लेना पड़ा है। यह फैसला परिस्थितियों के कारण लेना पड़ा है।

जयंत चौधरी ने कहा कि हमारे भाव देश और अपने लोगों के लिए अच्छे हैं। हम कुछ अच्छा करना चाहते हैं। अपने दादा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने की चर्चा करते हुए कहा कि हम सब का मन प्रफुल्लित है। यह बहुत बड़ा सम्मान केवल हमारे परिवार या हमारे दल तक सीमित नहीं है। देश के हर कोने में विराजमान किसान, नौजवान और गरीब लोगों का यह सम्मान है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिये शिक्षकों ने बनायी महाहड़ताल की रणनीति

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**बस्ती।** सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठकं संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में गौर विकास खण्ड के बीआरसी बभनान में सम्पन्न हुई। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर पेंशन बहाली संयुक्त मंच 'एन. जे.सी.ए.' राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर होने वाली महाहड़ताल की तैयारियों पर विचार किया गया।

बैठक में संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने उपस्थित शिक्षकों को महाहड़ताल में शत प्रतिशत शामिल होने की शपथ दिलायी गयी। श्री शुक्ल ने कहा कि पुरानी पेंशन बुढापे की लाठी है। अब आर–पार के संघर्ष का समय आ गया है इस बार चूके तो पेंशन हासिल करना मुश्किल हो जायेगा। बताया कि महाहड़ताल में एकजुटता के लिये संगठन द्वारा विकास क्षेत्रवार वीआरसी केन्द्रों पर बैठक कर शिक्षकों को एक जुट किया जा रहा है। यह क्रम जनपद के सभी बीआरसी केन्द्रों पर चरणबद्ध ढंग चल रहा है। बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा के बाद पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि यथाशीघ्र अभियान को पूरा कर सभी



### -अपने अधिकारों के लिये एकजुट न हुये तो टूट जायेगी बुढापे की लाठी-उदयशंकर शुक्ल

शिक्षकों को महाहड़ताल के लिये एकजुट करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 को नगर क्षेत्र, 16 को राम नगर, सल्टौआ, 15 को कुदरहा, दुबौलिया, 17 को साऊंघाट, रूधौली, 19 को बस्ती सदर, बनकटी, 20 को विक्रमजोत के बीआरसी केन्द्रों पर बैठक कर महाहड़ताल की रणनीति तंय की जायेगी।

बैठक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, गौर ब्लाक के मंत्री विनोद कुमार यादव, जिला संगठन मंत्री विवेक गौतम, ओमकार उपाध्याय के साथ ही राजेश कुमार, कल्पनाथ आदि आदि ने सम्बोधित करते हुये जमीनी मुद्दे उठाये। बैठक में जनार्दन शुक्ला, रामजीत, संजय चौहान, वैभव पाण्डेय, आलोक शुक्ला महेन्द्र पाठक, गायत्री जैसवाल, महेश यादव, धर्मराज, सुरेश चन्द्र यादव, ओंकार उपाध्याय, विकास मिश्र, सुनीता, सुशीला यादव, लालजी, शिवम शुक्ला के साथ ही अनेक शिक्षक शामिल रहे।

# भाजपा की सरकार में उपेक्षित हैं विश्वकर्मा समाज के लोग–राम आसरे विश्वकर्मा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा द्वारा सोमवार को बड़े वन के निकट स्थित एक होटल के सभागार में विश्वकर्मा चेतना सम्मेलन का आयोजन किया गया। पूर्व शिक्षा मंत्री एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा कि आज के समय में जब विश्वकर्मा समाज के लोग पढ लिखकर डाक्टर, इंजीनियर, आई.ए.एस., पीसीएस. बनने के लिये प्रयासरत हैं तो भाजपा की सरकार उन्हें टूल किट देकर श्रमिक ही बनाये रखना चाहती है। इन चालाकियों से विश्वकर्मा समाज के लोगों को सावधान रहना होगा। कहा कि समाजवादी पार्टी की जब–जब सरकार बनी तो विश्वकर्मा समाज को पूरा सम्मान और सरकार में अवसर मिला किन्तु भाजपा की सरकार ने तो विश्वकर्मा पूजा पर 17 सितम्बर की छुट्टी ही समाप्त कर दिया।

सम्मेलन में बड़ी तादाद में आये शर्मा, विश्वकर्मा समाज के लोगो का आभार जताते हुए पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा कि शर्मा विश्वकर्मा पहचान समाजवादी पार्टी ने बनायी। भाजपा शर्मा समाज की पहचान मिटा रही है। कहा कि भाजपा सरकार में लगातार महंगाई बढ़ी है। गरीबी बढ़ी है। बेरोजगारी बढ़ी है। नौजवान को नौकरी नहीं मिली। किसान की आय दुगुनी नहीं हुई। किसान बर्बाद हो गया। देश की पूंजी चन्द पूंजीपतियों के हाथ में सिमट गयी है। देश गरीब किसान मजदूर नौजवान पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक पूरी तरह बर्बाद हो गया। यही देश की पचासी प्रतिशत आबादी ही पीडीए है जिसमें गरीब दुखी अगडे भी शामिल हैं जिसको मजबूत करने की बात माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी करते हैं। जब तक पीडीए मजबूत नहीं होगा तब तक देश मजबूत नहीं हो सकता।

कहा कि आज के आधुनिक युग में जब विश्वकर्मा समाज के नौजवानों को शिक्षा नौकरी और रोजगार की जरूरत है तो भाजपा सरकार उन्हें टूल किट्स देकर उन्हें मजदूर बना



### -सपा ने विश्वकर्मा समाज को पूरा सम्मान दिया- राम प्रसाद चौधरी
### -विश्वकर्मा चेतना सम्मेलन में समाजवादी पार्टी के मजबूती पर जोर

रही है। श्री विश्वकर्मा ने सवाल किया हमारे समाज के लड़के कब आइएएस अफसर बनेंगे। बेहतर होता सरकार पीएम विश्वकर्मा योजना में विश्वकर्मा समाज के नौजवानों के हाथ में कम्प्यूटर दे देती तो नौजवान सीधे रोजगार से जुड जाते। कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सपा सरकार में इण्टर पास युवक युवतियों को 16 लाख मुफ्त लैपटॉप बिना किसी भेदभाव के वितरित किया था। श्री विश्वकर्मा ने कहा अगर बिहार सरकार पिछड़े वर्गों की जातीय जनगणना करा सकती है तो भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में जातीय जनगणना क्यों नहीं करा रही है। श्री विश्वकर्मा ने कहा समाजवादी नीतियां ही पिछड़ों और दलितों को उनका अधिकार दिला सकती है और उन्हें सत्ता तक ले जा सकती है। सभी को समाजवादी पार्टी को मजबूत करना होगा तब आपका भला होगा।

विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री राम प्रसाद चौधरी ने कहा कि आगामी लोकसभा के चुनाव में विश्वकर्मा समाज के लोग सपा का साथ दें, पार्टी सदैव उनके सुख दुःख में खड़ी रहेगी। अवसर मिला तो विश्वकर्मा समाज को पूरी राजनीतिक भागीदारी दिलाने के लिये हर संभव प्रयास किया जायेगा। पूर्व मंत्री ने विश्वकर्मा समाज के लोगों को सावधान किया कि वे किसी के बहकावे में न आयें आये चुनाव में एक जुट होकर भाजपा को करारी शिकस्त दें।

विश्वकर्मा चेतना सम्मेलन को मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, मो. स्वालेह, रन बहादुर यादव, अरविन्द यादव, आर.डी. गोस्वामी, मंशाराम विश्वकर्मा, रामशंकर निराला, श्याम जी विश्वकर्मा, हरे श्याम विश्वकर्मा, रविन्द्र विश्वकर्मा, सजनलाल विश्वकर्मा, विजय शर्मा, कैलाश शर्मा, पारसनाथ विश्वकर्मा आदि ने सम्बोधित करते हुये जमीनी मुद्दे उठाये। अध्यक्षता करते हुये अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिलाध्यक्ष बैजनाथ शर्मा ने कहा कि चेतना सम्मेलन में जो निर्णय लिये गये हैं उसका संदेश समूचे विश्वकर्मा समाज तक पहुंचाया जायेगा। सपा की जीत के लिये विश्वकर्मा समाज के लोग पूरी ताकत झोंक देंगे।

विश्वकर्मा चेतना सम्मेलन में मुख्य रूप से उदयराज विश्वकर्मा, परमात्मा शर्मा, ब्रम्हानन्द शर्मा, अशोक विश्वकर्मा, बीरू विश्वकर्मा, विन्देश्वरी विश्वकर्मा, श्यामजी विश्वकर्मा, भीम शर्मा, रामफेर शर्मा, अमर शर्मा, श्रीप्रकाश शर्मा, रूपेश विश्वकर्मा, राम आसरे विश्वकर्मा, लालचंद विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, पवन शर्मा, राकेश शर्मा, अम्बिका विश्वकर्मा, गीता विश्वकर्मा, शीला विश्वकर्मा, आरती के साथ ही विश्वकर्मा समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ग्राम परिक्रमा यात्रा में सांसद हरीश द्विवेदी ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां





**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । सोमवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय के संयोजन में कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के बाघा काड़र में ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरूआत किया गया। सांसद हरीश द्विवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश के डबल इंजन की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा संचालित अनेक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि भाजपा किसान मोर्चा ने ग्राम परिक्रमा यात्रा की जो शुरूआत किया है उससे लोगों को योजनाओं की जानकारी होने के साथ ही इसका लाभ भी पहुंचेगा।

भाजपा किसान मोर्चा गोरक्ष प्रान्त के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर तिवारी ने कहा कि यह अभियान आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मील का पत्थर साबित होगा। केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को गांव–गांव परिक्रमा करते हुए गाँव के मध्य एकत्र होकर चौपाल लगा चर्चा की जाएगी। इस अभियान के लिए सभी मंडलों में प्रभारी तय हो चुके है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की नंबर एक पार्टी बन गई है जो वैचारिक सिद्धांतों और नैतिकता पर चलती है। उन्होने किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी बताया जैसे कृषि के लिए सबसे अधिक बजट दिया गया, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, चीनी और दुग्ध उत्पादन में यूपी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है । क्षेत्रीय महामंत्री रामानन्द नन्हे ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में किसान देश के स्वाभिमान का प्रतीक बन चुका है। मोदी सरकार ने किसानों के कल्याण और उनकी आय बढ़ाने के लिए दर्जनों योजनाएं व कार्यक्रम लागू किए हैं। ग्राम परिक्रमा यात्रा के जरिये किसान मोर्चा भाजपा को प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जिताने और

### -5 मार्च तक चलेगी भाजपा किसान मोर्चा की ग्राम परिक्रमा यात्रा -दिलीप पाण्डेय

60 प्रतिशत से अधिक मत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता पार्टी के सभी अभियानों से जुडकर लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका का निर्वहन करें जिससे 2024 में फिर भाजपा सरकार बनाने का संकल्प पूरा किया जा सके। ग्राम परिक्रमा यात्रा विभिन्न चरणों में जनपद के 1185 गांवों में 5 मार्च तक पहुंचेगी और लोगों को भाजपा के नीति और कार्यक्रम से जोड़ने के साथ ही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी जायेगी। कहा कि सरकार किसान हितों के प्रति प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम प्रभारी वरूण पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया और भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष विष्णु यादव ने कार्यक्रम के रूप रेखा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का आरम्भ ग्राम देवता के पूजन अर्चन से हुआ।

ग्राम परिक्रमा यात्रा में मुख्य रूप से गौर व्लाक प्रमुख जटाशंकर शुक्ल, सत्येन्द्र सिंह भोलू, नागेन्द्र सिंह 'सिकूं' पवन कुमार वर्मा, विष्णु यादव, राम मौर्या, प्रदीप द्विवेदी, राघवेन्द्र, सुनील चौधरी, श्याम जी, अशोक कुमार, बाबूराम चौधरी, वरूण सिंह, लवकुश, राजेश निराला, विनय मिश्र, विन्दु यादव, प्रमोद कुमार, शिव प्रकाश, अशर्फीलाल, राजाराम यादव, योगेन्द्र चौधरी, राम प्रकाश, सन्तोष यादव, सुरेश कुमार, बब्लू मिश्र, अजीत शुक्ल, सोहनलाल मौर्य, विनय मिश्र, विन्दू देवी, उर्मिला, कुशलावती, सीमा, मोहिनी, आशा के साथ ही बडी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय महिलायें शामिल रहीं।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 13 फरवरी 2024 मंगलवार

## सम्पादकीय

# पेपर लीक पर लगाम

पेपर लीक देश में बड़ी समस्या बन चुका है। प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक के मामलों को लगाम लगाने के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाने का जो फैसला लिया है वह छात्रों के हित में है क्योंकि इस कानून के तहत केंद्र सरकार ने लोकसभा में नया बिल पेश किया है जो परीक्षाओं में बढ़ रही अनियमितताओं को लेकर सराहनीय कदम होगा क्योंकि इस कानून के तहत 10 साल की सजा और एक करोड़ जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

देश भर में समाज की बहुत—सी संस्थाएं और समाजसेवी संगठनों के साथ बच्चों के अभिभावक भी चाहते थे कि प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक के मामले पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जिसके तहत यह कानून विद्यार्थियों के हित में होगा जो दिन—रात कड़ी मेहनत करके परीक्षा भवन में जाते थे लेकिन जब उन्हें यह मालूम होता था कि पेपर लीक होने के कारण या कि नहीं अन्य अनियमितताओं के कारण स्थगित हो गया है तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता था। बहुत से विद्यार्थी एक—दो साल भारी—भरकम फीस देकर कोचिंग सैंटर में भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते थे लेकिन जब उन्हें यह मालूम होता था कि किसी परीक्षा केंद्र में पेपर लीक हो गया है और उसे स्थगित किया जा रहा है तब उनके हाथ में निराशा लगती थी लेकिन इस कानून के बन जाने से विद्याथ्थियों में नई आशा की किरण जगी है कि अब किसी प्रकार से कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती है क्योंकि केंद्र सरकार ने इसके विरोध में सख्त कानून का प्रावधान किया है।

नकल को रोकने के लिए लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 का लोकसभा में पारित होना सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पिछले कई वर्षों से देखी जा रही अनियमितताओं को दूर करने के लिहाज से परीक्षाओं पर युवाओं के भरोसे को बढ़ाने वाला कदम है। परीक्षा के दौरान नकल या फिर पेपर लीक की खबरों पर लगाम को लेकर सरकार की ओर से लगातार कवायद की जाती रही है। इसी बीच केंद्र सरकार ने ऐसी किसी भी गड़बडियों से सख्ती से निपटने के लिए एक नया बिल लोकसभा में पेश किया। इसमें नकल करते हुए पकड़े जाने या परीक्षा में अनियमितता पर (10 साल की जेल और एक करोड़ जुर्माने) का प्रावधान किया गया।

विधेयक पर छात्रों की प्रतिक्रिया रू सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों ने विभिन्न सार्वजनिक परीक्षाओं में ध ोखाधड़ी और अन्य अनुचित साधनों पर अंकुश लगाने के लिए विधेयक, सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 पेश होने के बाद केंद्र सरकार के कदम का स्वागत किया। आइए जानते हैं, इस विधेयक में क्या है। लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विध ोयक, 2024 में परीक्षाओं में अनियमितताओं से संबंधित अपराध के लिए अधिकतम 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल में इस विधेयक को मंजूरी दी थी।

कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसे लोकसभा में पेश किया। इससे पहले सरकार के सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित विधेयक में स्टूडेंट्स को निशाना नहीं बनाया जाएगा, बल्कि इसमें संगठित अपराध, माफिया और सांठ—गांठ में शामिल पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। यह इसलिए भी जरूरी था कि केंद्र और उसकी एजेंसियों के माध्यम से सरकारी परीक्षाओं के संचालन में शामिल विभिन्न संस्थाओं द्वारा अपनाए गए अनुचित या किए गए अपराधों से निपटने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं है।

मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, 2017—2023 तक सात सालों में अलग—अलग राज्यों में पेपर लीक के 70 से ज्यादा मामले सामने आए और 1.5 करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं। पेपर का लीक होना केवल स्कूल बोर्ड के एग्जाम तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कई राज्यों के लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बड़े पैमाने पर होता है। इस पर लगाम जरूरी है।

# आत्मनिर्भर बुजुर्गों की हंसी



—क्षमा शर्मा—



पिछले कुछ समय से स्विट्ज़रलैंड के शहर जिनेवा में हूं। बीमार पड़ी तो डाक्टर के पास जाना पड़ा। यहां भारत की तरह नहीं है कि जब चाहें डाक्टर से समय मिल जाए, बहुत समय लगता है अप्वाइंटमेंट मिलने में, लेकिन मैं किस्मत वाली थी। अगली दोपहर डाक्टर के पास बैठी थी। एक चीज जो बार—बार चकित होकर देख रही थी कि डाक्टर से मिलने बेहद बूढ़े स्त्री—पुरुष आ रहे थे। वे अकेले थे। उनके साथ कोई नहीं था। लेकिन इस बात की कोई चिंता दिखाई नहीं देती थी। उनकी चाल में बेहद मस्ती थी। वे झुककर भी नहीं चल रहे थे। वे सीधे चलते आते थे। और उनमें से कई तो निश्चय ही नब्बे साल या उससे ऊपर रहे होंगे। वे बैठते थे। फिर पास बैठे व्यक्ति से बातचीत में तल्लीन हो जाते थे। आपस में बातचीत करके बात—बात पर खिलखिला रहे थे। वे डाक्टर के पास से भी खुश—खुश निकल रहे थे। समझ में नहीं आ रहा था कि वे इतने खुश क्यों थे।

आखिर डाक्टर के पास आप किसी बीमारी को लेकर ही आते हैं, जिसके कारण चिंता होना स्वाभाविक है, लेकिन चिंता की जगह उनके चेहरे पर खुशी और हंसी दिखाई देती थी। शायद उसका कारण यह होगा कि वे सोचते हैं कि अगर कोई बीमारी है तो उसका इलाज भी है। और इलाज डाक्टर ही कर सकता है। बीमारी से डरने के मुकाबले उसका इलाज कराएं। फिर यहां उनके इलाज, उनके जीवन की जिम्मेदारी सरकार की होती है। सरकार अपने नागरिकों की सुख—सुविधा का पूरा ध्यान रखती है। इसके अलावा यह सोच भी है कि जीवन एक बार ही मिलता है। उसे ठीक तरह से जिया जाए। यहां चिकित्सा सुविधाएं भी बहुत अच्छी हैं। हर एक आदमी का चिकित्सा बीमा होना अनिवार्य है।

इनके मुकाबले अपने देश पर नजर डालें। बीमार पड़ने पर हम अक्सर डाक्टरों के पास जाने से बचते हैं। बीमारी का इलाज कराने के मुकाबले हम सोचते हैं कि कैसे भी यह अपने आप ठीक हो जाए। पचास साल की उम्र में ही जैसे हम खुद को बूढ़ा मान लेते हैं और सोचते हैं कि अब गए कि तब गए। कुछ अधिक उम्र होने से डाक्टर के पास जाने के लिए किसी सहारे की जरूरत तलाशते हैं। इसीलिए आप पाएंगे कि अस्पतालों में मरीजों से ज्यादा उनकी देखभाल करने वालों की भीड़ होती है। अस्पतालों में भी सारी भागदौड़ का काम अटेंडेंट के जिम्मे होता है। दस बार बुलाने जाएं तो नर्स आ पाती है। जिस अनुपात में मरीज हैं, उस अनुपात में चिकित्सा सुविधाएं बहुत कम हैं। किसी का इस ओर ध्यान भी नहीं जाता। बहुत से अस्पतालों में गंदगी भी बेशुमार है।

कई बार गलत इलाज की खबरें भी आती हैं। बहुत से लोग इलाज कराने इसलिए भी नहीं जा पाते कि उनके पास पर्याप्त साधन नहीं होते, जागरूकता भी नहीं होती। सरकारी अस्पतालों के अलावा प्राइवेट अस्पतालों का इलाज इतना महंगा है कि हो नहीं पाता। लोग बिल भरने की आर्थिक स्थिति में नहीं होते। इसका एक बड़ा कारण अपने देश की आबादी भी है। जिस पर वोटों की खातिर कोई सरकार नियंत्रण भी नहीं करना चाहती। इसीलिए संसाध ान अगर उपलब्ध भी कराए जाएं तो वे लोगों तक ठीक से पहुंचते नहीं हैं।

संयुक्त परिवारों के बिखरने से हमारे यहां के बुजुर्गों की हालत दयनीय है। उनमें से बहुतों के पास भरण—पोषण के साधन नहीं हैं। परिवार होते हुए भी परिवार को उनकी परवाह नहीं है, तो वे इलाज कैसे कराएं। साधन कहां से जुटाए जाएं। एक अनुमान के अनुसार अपने यहां दस करोड़ बुजुर्ग बताए जाते हैं। इनके वोट तो सभी को चाहिए लेकिन इनकी दुरावस्था को ठीक करने की कोई योजना नहीं बनाई जाती।

यहां के बुजुर्गों को देखती हूं और अपने यहां के बुजुर्गों के बारे में सोचती हूं, तो मन खिन्नता से भर उठता है। यहां के बुजुर्ग बेशक अकेले हैं मगर सरकार उनके साथ है। वे स्वाभिमान का जीवन जी सकते हैं। सही इलाज पा सकते हैं। वे अस्सी—नब्बे साल की उम्र में भी मॉल्स में ट्राली लेकर अपना सामान खरीदते नजर आते हैं। सड़कों पर दौड़ते दिखते हैं। कई जगह तो खेलते भी दिखाई देते हैं। इसमें बुजुर्ग महिलाएं भी पीछे नहीं रहतीं। हाल ही में एक परिचित ने बताया कि नब्बे साल की एक महिला ने ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट पास किया है। वे तमाम आयोजनों में युवाओं की तरह ही बढ़—चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

दरअसल, उनके पास अपने देश वाला अनेक जन्मों का विचार नहीं है, इसलिए वे जीवन को भरपूर जीते हैं। जबकि हम जीवन को इसी भरोसे छोड़े रहते हैं कि इस जीवन में कुछ अच्छा नहीं है, तो अगले जीवन में होगा और इस जीवन में जो दु:ख तकलीफें मिल रही हैं, वे पिछले जन्मों के पापों का परिणाम हैं। और भगवान की मर्जी के कारण ऐसा हो रहा है। शायद यही वजह कि जिनके पास सारे साधन मौजूद हैं, वे भी डाक्टरों के पास समय से नहीं जाना चाहते। वे डाक्टर से उम्मीद करते हैं कि वह उनके मन की बात करे। यानी कि कभी किसी बीमारी के होने की बात न बताए। जबकि डाक्टर का काम ही बीमारी को खोजना और उसका निदान करना है। अगर बीमारी खोजी ही नहीं जाएगी तो उसका इलाज कैसे होगा। कई लोगों को यह कहते सुना है कि डाक्टर के पास जाएंगे तो न जाने क्या निकाल दे। अरे, भाई निकलेगा, तो वही जो आपके शरीर में होगा। डाक्टर कोई अपने पास से तो कुछ नहीं निकाल देगा। अक्सर डाक्टर के पास हम तब जाते हैं, जब मर्ज बिगड़ चुका होता है। बेहतर है कि पहले ही चले जाएं जिससे न खुद तकलीफ पाएं और न दूसरों को दें। स्विट्जरलैंड के लोगों के बारे में बताया जाता है कि वे और कोई भी अप्वाइंटमेंट मिस कर सकते हैं मगर डाक्टर का अप्वाइंटमेंट कभी नहीं छोड़ते। इसका कारण यह है कि एक तो डाक्टर से टाइम देर से मिल पाता है, दूसरे वे हर हाल में स्वस्थ रहना चाहते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि उनका जीवन खुद उनके ही भरोसे है।

बीमारी के कारण मुझे पांच दिन के लिए अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ा। वहां मेरे कमरे में एक बुजुर्ग महिला थीं। जिनके पांव में बहुत चोट लगी थी। दूसरी बीमारियां भी थीं मगर जो भी नर्स या अस्पताल का कोई भी कर्मचारी उनके पास आता वह सबके साथ मिलकर खूब खिलखिलाती थीं, जैसे कुछ हुआ ही न हो। उनकी उम्र भी नब्बे के आसपास रही होगी। वह अपने घर जल्दी से जल्दी जाना चाहती थीं क्योंकि उन्हें अपनी बिल्ली की याद आ रही थी। अपनी बिल्ली का फोटो भी उन्होंने लगाया हुआ था। वह पूरे समय हंसती थीं और मैं उनकी हंसी को सुन चकित होती थी। जबकि इतने दिनों में शायद ही उनका कोई नाते—रिश्तेदार मिलने आया होगा।

काश! हम भी ये सीख पाते।

—लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# मंदिर—मस्जिद के विवाद आखिर कब तक

—विनीत नारायण—




अयोध्या में भगवान श्री राम की भव्य प्राण—प्रतिष्ठा के बाद अब हिंदुत्व की शक्तियों का ध्यान काशी की ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा की कृ ष्ण जन्मभूमि मस्जिद पर केंद्रित हो गया है। विपक्षी दल इस बात से चिंतित हैं कि धर्म के नाम पर भाजपा हिंदू मतदाताओं के ऊपर अपनी पकड़ बढ़ाती जा रही है। इन 2 धर्मस्थलों पर से मस्जिद हटाने की जिद्द का भाजपा को पहले की तरह चुनावों में लाभ मिलता रहेगा। दूसरी तरफ ध र्म निरपेक्षता को आदर्श मानने वाले विपक्षी दल चाह कर भी भावनाशील हिंदुओं को आकर्षित नहीं कर पाएंगे। इन धर्म—निरपेक्ष राजनेताओं का सनातन धर्म में आस्था का प्रदर्शन इन्हें वांछित परिणाम नहीं दे पा रहा। क्योंकि भावनाशील हिंदुओं को लगता है कि ऐसा करना अब इन दलों की मजबूरी हो गया है। इसलिए वह इन्हें गंभीरता से नहीं ले रहे। दूसरी तरफ जो आम जनता की जिंदगी से जुड़े जरूरी मुद्दे हैं जैसे बेरोजगारी, महंगाई, सस्ती स्वास्थ्य व शिक्षा सेवाएं, इन पर जोर देकर विपक्ष मतदाताओं को धर्म के दायरे से बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। कितना सफल होगा, यह तो 2024 के चुनावी परिणाम बताएंगे। जहां तक बात काशी में ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान मस्जिद की है तो यह कोई नया पैदा हुआ विवाद नहीं है। सैंकड़ों बरस पहले जब ये दोनों मस्जिदें बनीं तो हिंदुओं के मंदिर तोड़ कर बनी थीं, इसमें कोई संदेह नहीं है। तब से आजतक सनातन धर्मी अपने इन प्रमुख तीर्थस्थलों पर से मुस्लिम आक्रांताओं के इन अवशेषों को हटा देने के लिए संघर्षशील रहे हैं।

नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वृहद् हिंदू समाज में एक नया उत्साह पैदा हुआ है। उसे विश्वास है कि इन दोनों तीर्थस्थलों पर से भी ये मस्जिदें आज या कल हटा दी जाएंगी। उधर मुस्लिम पक्ष पहले की तरह उत्तेजना दिखा रहा है। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच टकराव होना स्वाभाविक है। जो दोनों ही पक्षों के लिए घातक साबित होगा। भलाई इसी में है कि दोनों पक्ष बैठ कर शांतिपूर्ण तरीके से इसका हल निकाल लें। हालांकि दोनों पक्षों के सांप्रदायिक नेता आसानी से ऐसा होने नहीं देंगे। इसलिए यह जिम्मेदारी दोनों पक्षों के समझदार लोगों की ही है कि वे इन दोनों मस्जिदों के विवाद को बाबरी मस्जिद विवाद की तरह लंबा न खिंचने दें।

**जो धर्म निरपेक्ष दल ये तर्क देते हैं कि गढ़े मुर्दे नहीं उखाड़ने चाहिएं क्योंकि इस सिलसिले का कोई अंत नहीं होगा? आज हिंदू पक्ष 3 स्थलों से मस्जिदें हटाने की मांग कर रहा है, कल को तीस या तीन सौ स्थलों से ऐसी मांगें उठेंगी तो देश के हालात क्या बनेंगे, उनसे मैं सहमत नहीं हूं। एक तरफ तो मक्का मदीना है जहां गैर—मुसलमान जा भी नहीं सकते और दूसरी तरफ तपोभूमि भारत है जहां सब को अपने—अपने धर्मों का पालन करने की पूरी छूट है। पर इसका अर्थ यह तो नहीं कि एक धर्म के लोग दूसरे धर्म के लोगों को नीचा दिखाएं ।**

मुसलमानों के प्रति बिना किसी दुराग्रह के मेरा यह शुरू से मानना रहा है कि मथुरा, अयोध्या और काशी में जब तक मस्जिदें हमारे इन प्रमुख तीर्थस्थलों पर बनी रहेंगी तब तक सांप्रदायिक सौहार्द स्थापित नहीं हो सकता। क्योंकि भगवान कृष्ण, भगवान राम और भोलेनाथ सनातन धर्मियों के मुख्य आराध्य हैं। दुनिया भर के करोड़ों हिंदू पूरे वर्ष इन तीर्थों के दर्शन करने जाते रहे हैं। जहां खड़ी ये मस्जिदें उन्हें उस दुर्भाग्यशाली क्षण की याद दिलाती हैं, जब आतताइयों ने यहां खड़े भव्य मंदिरों को बेरहमी से नेस्तोनाबूद कर दिया था। इन्हें वहां देख कर हर बार हमारे जख्म हरे हो जाते हैं। यह बात मैं अपने लेखों और टी.वी. रिपोर्ट्स में पिछले 35 वर्षों से इसी भावना के साथ लगातार कहता रहा हूं।

जो धर्म निरपेक्ष दल ये तर्क देते हैं कि गढ़े मुर्दे नहीं उखाड़ने चाहिएं क्योंकि इस सिलसिले का कोई अंत नहीं होगा? आज हिंदू पक्ष 3 स्थलों से मस्जिदें हटाने की मांग कर रहा है, कल को तीस या तीन सौ स्थलों से ऐसी मांगें उठेंगी तो देश के हालात क्या बनेंगे, उनसे मैं सहमत नहीं हूं। एक तरफ तो मक्का मदीना है जहां गैर—मुसलमान जा भी नहीं सकते और दूसरी तरफ तपोभूमि भारत है जहां सब को अपने—अपने धर्मों का पालन करने की पूरी छूट है। पर इसका अर्थ यह तो नहीं कि एक धर्म के लोग दूसरे धर्म के लोगों को नीचा दिखाएं या उस खौफनाक मंजर की याद दिलाएं जब उन्होंने अपनी सत्ता को स्थापित करने के लिए बहुसंख्यक समाज की भावनाओं को आहत किया था।

दशकों से चले अयोध्या प्रकरण और उसे लेकर 1984 से विश्व हिन्दू परिषद के आक्रामक अभियान से निश्चित रूप से भाजपा को बहुत लाभ हुआ है। आज भाजपा विकास या रोजगार की बात नहीं करती। 2024 का चुनाव केवल अयोध्या में राम मंदिर और हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ा जा रहा है। हिंदुओं में आए इस उफान की जड़ में है मुसलमानों की असंवेदनशीलता। जब 1947 में धर्म के आधार पर भारत का बंटवारा हुआ तो भी भारत ने हर मुसलमान को पाकिस्तान जाने के लिए बाध्य नहीं किया। ये बहुसंख्यक हिंदू समाज की उदारता का प्रमाण था। जबकि कश्मीर घाटी, पाकिस्तान, बांग्लादेश और हाल के दिनों में अफगानिस्तान में हिंदुओं पर जो अत्याचार हुए और जिस तरह उन्हें वहां से निकाला गया, उसके बाद भी यह आरोप लगाना कि विहिप, संघ और भाजपा मुसलमानों के प्रति हिंदुओं में उत्तेजना को बढ़ा रहे हैं, सही नहीं है।

भाजपा हिंदुओं के उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है जो मुसलमानों के सार्वजनिक आचरण से विचलित रहे हैं। दरअसल धर्म आस्था और आत्मोत्थान का माध्यम होता है। इसका प्रदर्शन यदि उत्सव के रूप में किया जाए, तो वह एक सामाजिक—सांस्कृतिक घटना मानी जाती है। जिसका सभी आनंद लेते हैं। चाहे विधर्मी ही क्यों न हों।

दीपावली, ईद, होली, बैसाखी, क्रिसमस, पोंगल, संक्रांति व नवरात्रे आदि ऐसे उत्सव हैं, जिनमें दूसरे ध र्मों को मानने वाले भी उत्साह से भाग लेते हैं। अपने—अपने धर्मों की शोभायात्राएं निकालना, पंडाल लगाकर सत्संग या प्रवचन करवाना, नगर—कीर्तन करना या मोहर्रम के ताजिए निकालना, कुछ ऐसे धार्मिक कृत्य हैं, जिन पर किसी को आपत्ति नहीं होती या नहीं होनी चाहिए। बशर्ते कि इन्हें मर्यादित रूप में, बिना किसी को कष्ट पहुंचाए, आयोजित किया जाए। किन्तु हर शुक्रवार को सड़कों, बगीचों, बाजारों, सरकारी दफ्तरों, हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर मुसल्ला बिछाकर नमाज पढ़ने की जो प्रवृत्ति रही है, उससे हिंदुओं में मुसलमानों के प्रति आक्रोश बढ़ा है। ठीक वैसे ही जैसा आक्रोश आज यूरोप के देशों में मुसलमानों के इसी रवैये के प्रति पनप रहा है। इसलिए अब समय आ गया है कि मुस्लिम समाज बिना हील—हुज्जत के मथुरा और काशी के धर्मस्थलों से मस्जिदों को खुद ही हटा कर सम्मान दूसरी जगह स्थापित कर दें, जैसा अनेक इस्लामिक देशों में किया भी जा चुका है। इससे दोनों पक्षों के बीच सौहार्द बढ़ेगा और किसी को भी सांप्रदायिकता भड़काने का मौका नहीं मिलेगा।

# पाकिस्तान का जनादेश



गुरबत और आर्थिक संकटों से जूझते पाकिस्तानी अवाम ने जो जनादेश हालिया आम चुनाव में दिया, वह पाक सेना के मंसूबों पर पानी फेरता नजर आया है। बहुत संभव है पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों द्वारा रची गई व्यूह रचना जेल के भीतर से जनादेश को प्रभावित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों को सत्ता से दूर रख दे, लेकिन पूरी दुनिया ने पाकिस्तानियों की स्वस्थ लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता को तो देख ही लिया है। यहां सवाल यह है कि क्या इमरान अब जल्दी जेल से बाहर आ पाएंगे? कुछ मुकदमें वापस हुए हैं। राजनीतिक अनिश्चितता, सेना द्वारा पैदा अवरोध ाों, इंटरनेट व सोशल मीडिया पर पाबंदी, कानूनी दांव—पेचों के बावजूद इमरान खान की पार्टी तहरीक—ए—इंसाफ समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों का सबसे आगे रहना, पाकिस्तानी सेना के लिये करारा सबक तो है। बहुत संभव है कि सेना द्वारा पर्दे के पीछे रचे प्रपंच से सत्ता पर काबिज होने की कोशिश में पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज यानी पीएमएल और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी सफल हो जाएं, लेकिन पाकिस्तान के लोकतंत्र के इतिहास में यह बात दर्ज हो गई है कि पाक की जनता जेल के सीखचों में कैद लोकतंत्र के जायज प्रतिनिधि को जिताने का दमखम रखती है। अब पाकिस्तान में सत्ता के तमाम समीकरण तलाशे जा रहे हैं। कोशिश हो रही है कि छोटे दलों के सहयोग से 265 सीटों वाली नेशनल असेंबली में किसी तरह बहुमत का आंकड़ा 133 हासिल कर लिया जाए। बहुत संभव है सेनाश्रय में नवाज शरीफ फिर सत्ता की बागडोर हासिल कर लें और पीपीपी किंग मेकर की भूमिका निभाती नजर आए।

कहना कठिन है कि पीटीआई के समर्थन से जीते निर्दलीय उम्मीदवारों में से कितने अपने स्टैंड पर कायम रहते हैं और कब तक। यह उनकी वफादारी दिखाने का भी समय है। वहीं सौदेबाजी करके पक्ष बदलने की आशंकाओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि नवाज शरीफ लोकतंत्र की दुहाई देकर सभी दलों को साथ आने की बात कर रहे हैं। साथ ही निर्दलीयों की सफलता का भी सम्मान करने की बात कर रहे हैं। **निस्संदेह,पाकिस्तान में लंबे समय तक सेना के दखल और राजनीतिक मूल्यों में निरंतर आई गिरावट ने पाकिस्तानी लोकतंत्र को रुग्ण अवस्था में पहुंचा दिया है। कट्टरपंथियों और भ्रष्ट राजनेताओं ने भी इसमें बड़ी भूमिका निभायी है। ऐसे में जीते निर्दलीय उम्मीदवारों की खरीद—फरोख्त की आशंकाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। कानून व्यवस्था में व्याप्त तमाम छिद्र इसमें उनकी मदद कर सकते हैं।** लेकिन एक बात तो तय है कि पाला बदलने वाले नेता जनता में अपनी साख खो सकते हैं। वैसे भी पश्चिमी जगत में पाक लोकतंत्र को संदिग्ध चुनाव प्रक्रिया के जरिये चोट पहुंचाने पर तीखी आलोचना की जा रही हैं। चुनाव के दौरान इंटरनेट और सोशल मीडिया पर लगी पाबंदी को इन्हीं धांधलियों को सिरे चढ़ाने के प्रयासों के रूप में देखा गया। बहरहाल पाक में जोड़तोड़ करके किसी की गठबंधन सरकार बनती भी है, तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसकी साख पर आंच तो आएगी ही।—प्रस्तुति— विजय

